# अध्याय - 5 | खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

QUIZ PART-02

1. **किसी भी खनिज के अन्य तत्वों के साथ मिश्रित संचय को क्या कहा जाता है?**
   A. परत
   B. शिरा
   C. अयस्क
   D. तल (C)

*व्याख्या :* जब खनिज अन्य अवयवों या तत्वों के साथ मिश्रित होता है, तो उसे अयस्क कहा जाता है।

2. **'प्लेसर निक्षेप' कहां पाए जाते हैं?**
   A. समुद्र तल में
   B. वाष्पीकरण से बनी परतों में
   C. पहाड़ियों के आधार और घाटी-तल की रेत में
   D. रेगिस्तान की मिट्टी में (C)

*व्याख्या :* प्लेसर निक्षेप पहाड़ियों के आधार और घाटियों की रेत में पाए जाते हैं, जिनमें जल द्वारा न घुलने वाले खनिज होते हैं।

3. **बॉक्साइट का निर्माण किससे होता है?**
   A. महासागरीय जल के वाष्पीकरण से
   B. धरातलीय चट्टानों के अपघटन से
   C. प्लेसर निक्षेप से
   D. ज्वालामुखी गतिविधियों से (B)

*व्याख्या :* बॉक्साइट का निर्माण धरातलीय चट्टानों के अपघटन से होता है।

4. **निम्न में से कौन-सा खनिज महासागरीय जल में सामान्य रूप से पाया जाता है?**
   A. कोयला B. मैग्नीशियम
   C. तांबा D. चूना पत्थर (B)

*व्याख्या :* महासागरीय जल में मैग्नीशियम और ब्रोमाइड जैसे खनिज पाए जाते हैं।

5. **जस्ता, तांबा, सीसा आदि खनिज कहां पाए जाते हैं?**
   A. वाष्पीकृत परतों में
   B. प्लेसर जमावों में
   C. आग्नेय और कायांतरित चट्टानों की शिराओं और दरारों में
   D. मिट्टी की ऊपरी सतह में (C)

*व्याख्या :* ये खनिज मुख्य रूप से आग्नेय और कायांतरित चट्टानों की दरारों, शिराओं और भ्रंशों में मिलते हैं।

6. **कोयला और लौह अयस्कों का निर्माण किस प्रक्रिया से होता है?**
   A. वाष्पीकरण
   B. ज्वालामुखीय गतिविधि
   C. उच्च ताप और दबाव से
   D. महासागरीय तल में जमाव से (C)

*व्याख्या :* कोयला और कुछ लौह अयस्क लंबी अवधि तक उच्च ताप और दबाव से बनते हैं।

7. **रैट-होल खनन किस राज्य में किया जाता है?**
   A. असम
   B. ओडिशा
   C. मेघालय
   D. झारखंड (C)

*व्याख्या :* रैट-होल खनन विशेष रुप से मेघालय में होता है, जहाँ यह अवैध घोषित किया गया है।

8. **मेघालय के कौन से क्षेत्र कोयले के लिए प्रसिद्ध हैं?**
   A. शिलाँग और तुरा
   B. जोवाई और चेरापूंजी
   C. तेजपुर और डिब्रूगढ़
   D. बोंगाईगाँव और नलबाड़ी (B)

*व्याख्या :* जोवाई और चेरापूंजी मेघालय के प्रमुख कोयला खनन क्षेत्र हैं।

9. **कौन-से खनिज वाष्पीकरण की प्रक्रिया से बनते हैं?**
   A. तांबा और जस्ता
   B. जिप्सम, पोटाश, सोडियम
   C. लौह अयस्क
   D. चूना पत्थर और बॉक्साइट (B)

*व्याख्या :* शुष्क क्षेत्रों में वाष्पीकरण से जिप्सम, पोटाश और सोडियम जैसे खनिज बनते हैं।

10. **समुद्री तल पर पाए जाने वाले मैंगनीज जमावों को क्या कहा जाता है?**
    A. महासागरीय प्लेसर
    B. मैंगनीज ग्रंथि
    C. खनिज लवण
    D. समुद्री अयस्क (B)

*व्याख्या :* समुद्र तल पर पाए जाने वाले मैंगनीज के गोलाकार जमाव को मैंगनीज ग्रंथि कहा जाता है।

DESH KA APNA SCHOOL